SHRI J. M. BISWAS: What the Hon. Speaker said this morning does not debar Government from coming forward with a statement.

---

**14.26 hrs.**

## RESOLUTION RE: DISAPPROVAL OF PRESS COUNCIL (AMENDMENT) ORDINANCE

## AND

## PRESS COUNCIL (AMENDMENT) BILL—*contd.*

**श्री यशपाल सिंह (देहरादून)** : सभापति महोदय, मैं उन सब मेम्बरान का बड़ा मशकूर हूं, जिन्होंने मेरे इस रैज़ोल्यूशन के हक़ में, या इस के खिलाफ, अपने खयालात का इजहार किया। हम में जो इख्तलाफात हैं, वे खयाली इख्तलाफ़ात हैं। हम अपने देश को आगे ले जाना चाहते हैं। भगवान् महावीर स्वामी ने कहा है कि जो तुम्हारा विरोध करता है, वह तुम्हारा सब से बड़ा मित्र है, जिन लोगों ने मेरे इस रेजोल्येशन की मुखालिफ़त की है, उन का भी मैं ममनूने-एहसान हूं, क्योंकि उन्होंने रास्ता दिखलाने की कोशिश की है।

यह सरकार मुतवातिर पन्द्रह सालों से वादा कर रही है कि मानोपली खत्म होगी, लेकिन वह खत्म नहीं हुई है। महात्मा गांधी ने कहा था कि अगर मन वचन कर्म की एकता नहीं होगी, तो देश कभी उन्नति नहीं कर सकेगा। आज मन वचन कर्म की एकता नहीं है।

हम अपने कांस्टीट्यूशन में यह एलान कर चुके हैं कि हमारी राजभाषा, स्टेट लैंग्वेज हिन्दी है। लेकिन हम समाचार भारती को पचास हजार रुपये सालाना देते हैं और इंगलिश एजेन्सी को पचास लाख रुपये सालाना देते हैं। हम अपनी मातृभाषा के लिए अंग्रेज़ी के मुकाबले में सौवां हिस्सा खर्च करते हैं। कौन है, जो कांस्टीट्यूशन के इस एलान को, उस में किये गये वादे को, पूरा करेगा? इस के लिए आसमान से तो लोग नहीं आयेंगे। यह काम हमें ही करना होगा।

हम विरोधी नहीं हैं। "विरोधी" शब्द इंगलैण्ड का दिया हुआ है, यूरोप का दिया हुआ है। हम आपोज़ीशन में नहीं हैं। हम इन लोगों के सच्चे हितैषी हैं, सच्चे मित्र हैं। फारसी में मकौला है: "दोस्त आं बाशद कि मुआयबे दोस्त, हम चो आईना रोबरू गोयद", अर्थात् सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र के दोषों को दर्पण की तरह सामने रख दे। हम ने इस बात का वादा किया है कि हम इस देश में हिन्दी को लायेंगे। लेकिन कौन उस को पीछे ढकेलता है? यह सरकार उस को पीछे ढकेलती है। अगर मैं सरकार को उस की ड्यटी याद न दिलाऊं, तो मैं अपने फर्ज़ से गिरूंगा। नीतिकार कहता है: "म किं सखा, साधु न शास्ति योऽधिपम् हिताम्न य: संशृणुते स किं प्रभु: अर्थात् वह सच्चा हितैषी नहीं, जो अपने बड़े को कठोरता के साथ सत्पथ न दिखला सके और बुजुर्ग भी वह सच्चा बुजुर्ग नहीं, जो प्रेम के साथ अपने हितैषी की शिक्षा न माने। अगर मैं सच्ची राय नहीं दूंगा, भले ही वह कड़ुवी लगे, तो मैं अपने कर्तव्य से गिर जाऊंगा।

हम सब का यह पहला फर्ज़ है कि हम गांधीजी के उन आदर्शों को जिन्दा रखें, जिन के कारण हमारा देश स्वतन्त्र हुआ था और अंग्रेज यहां से गये थे। आज प्रैस और आल-इण्डिया रेडियो में गाने वालियों और नाचने वालियों के जीवन-चरित्र दिये जाते हैं, लेकिन जिन लोगों ने देश के लिए सच्ची कुर्बानी दी, उन का जिक्र तक नहीं होता है। मैं बादशाह खां की टुकड़ियों में था, मैं बादशाह खां का सुर्खपोश हूं। मैं आज भी उन्हें संसार का महानतम पुरुष मानता हूं। मैं ने इस पार्लियामेंट को बीस दफा लिख कर दिया है कि मेरे मुताल्लिक

हू इज़ हू में लिखा जाये कि मैं बादशाह खां को भू-मण्डल का सब से बड़ा आदमी समझता हूं, मैं उन के साथ जेल में रहा हूं, मैं ने उन के साथ मिल कर अंग्रेज के खिलाफ संघर्ष किया है, बग़ावत की है, लेकिन मुझे अफ़सोस है कि यह "हू इज हू" में नहीं लिखा गया।

आप को याद होगा कि जब अन्ग्रेज़ ने निहत्थे हिन्दुस्तानियों पर गोली चलाने का हुक्म दिया था, तो चन्द्रसिंह गढ़वाली ने ऐसा करने से इन्कार कर दिया था। उस ने कहा था कि पहले इन निहत्थे लोगों के हाथ में राइफ़ल दो। उसके बाद हम गोली चलायेंगे। अंग्रेज़ ने उस को, और उस की पूरी बटैलियन को, 26–26 साल की सज़ा दी थी। हम देखते हैं कि न चन्द्रसिंह गढ़वाली का, न उस की बैटेलियन के कैपटेन या मेजर का, न किसी इनचार्ज का जीवन-चरित्र प्रैस में दिया जाता है। कोई रेडियो के ऊपर उन का जिक्र नहीं आता। हम लोग अगर आज इस आदर्श से गिरेंगे तो कौन इस आदर्श को पूरा करेगा? जय और पराजय आती है, संसार के अन्दर शिकस्त आती है, फतेहयाबी आती है लेकिन ऐसा कभी नहीं होता कि देशभक्तों को दुनिया भुला दे। जो हमारी आजादी, के फाउंडर्स हैं, मैं आज भी आप से अर्ज़ करता हूं कि मैं बादशाह खां को संसार का महानतम पुरुष समझता हूं :

वे और होगे भिसले बुलबुल आशनाए रंगो बू
हम ने दामन से न छोड़े फल मुरझाने के बाद।

लेकिन सरकार क्या कर रही है? उन की याददाश्त के लिए सरकार क्या कर रही है? गांधी जी के दरिद्रनारायण की सेवा के लिए क्या कर रही है? इस प्रैस कौंसिल आर्डिनेंस में गांधी जी के आदर्शों को जिन्दा रखने के लिए, समाजवाद को जिन्दा रखने के लिए, इसमें एक भी शब्द नहीं है। मेरी आप के द्वारा गुजराल साहब से यह प्रार्थना है कि इस बिल को काम्प्रीहेंसिव करें जिस से हमारा समाजवाद, हमारी भारतीयता, गांधीवादी, जिन्दा रह सके। मैं उन सब दोस्तों का मशकूर हूं जिन्होंने मुझे याद दिलाया खास कर के प्रकाश वीर शास्त्री जी का कि समाचार भारती एक ऐसी एजेंसी है जो भारत की प्रत्येक भाषा में समाचार प्रसारित करती है। मैं सब का मशकूर हुं जिन्होंने इस में भाग लिया और मैं चाहूंगा माननीय मंत्री जी हाउस में वादा करें कि किस तरह से हमारा देश चलेगा, कैसे हमारे आदर्श जिन्दा रहेंगे और गांधी जी की आत्मा को हम लोग प्रसन्न कर सकेंगे।

MR. CHAIRMAN: The question is:

"This House disapproves of the Press Council (Amendment) Ordinance, 1969 (Ordinance No. 5 of 1969) promulgated by the Vice-President acting as President on the 30th June, 1969."

*The motion was negatived.*

**श्री यशपाल सिंह** : अगर हमारे मंत्री जी वादा करें कि देशभक्तों के लिए और गांधी जी की मर्यादा के लिए एक काम्प्रीहेंसिव बिल वह लाएंगे तब तो मैं वोट नहीं कराऊंगा

**सभापति महोदय** : वह हो चुका। उस पर मत लिया जा चुका है।

The question is:

"That the Bill to amend the Press Council Act, 1965, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

*The motion was negatived.*

**Clause 2**—(Amendment of section 5.)

MR. CHAIRMAN: The House shall now take up clause-by clause consideration of the Bill.

SHRI SHIVA CHANDRA JHA (Madhubani): Sir, I move:

**Page 1, line 14—,**

[Shri Shiva Chandra Jha]

*"for* "31st day of March, 1970" (1).

*substitute*—

31st day of December, 1969".

Page 1, line 16,—

*for* "31st day of March, 1970." *substitute*—

"31st day of December, 1969." (2).

MR. CHAIRMAN: SHRI DAR.... Absent.

**श्री शिव चन्द्र झा** : सभापति जी, मेरा संशोधन है कि जहां पर चेयरमैन और दूसरे मेम्बरों का समय बढ़ा कर जुलाई से मार्च, 1970 करने की बात है उस जगह में चाहता हूं कि 31 दिसम्बर, 1969 तक ही उस का समय बढ़ाया जाय। इस की वजह यह है जैसा कि मैं ने उस दिन कहा कि प्रैस कौंसिल इनएफेक्टिव है उस मकसद को हासिल करने में जो मकसद उसका निर्धारित किया गया है। वह एक खिलौना मात्र हो गया है सरकार का। उस ढांचे में हकीकत में जो प्रेस का काम होना चाहिए वह काम नहीं होता है, न वह बढ़ पाता है। आज के अखबारों में आप ने देखा होगा कि प्रधान मंत्री ने कहा कि हिन्दुस्तान के अखबारों ने राष्ट्रीयकरण की बात को ठीक से सामने नहीं रखा और जो यह लहर चल रही है इस का समर्थन यह अखबार नहीं करते। बहुत हद तक मैं कहूंगा कि बात दुरुस्त . । यह निहित स्वार्थ के अखबार हैं। वह नहीं चाहते कि कल्याणकारी राज्य की ओर कदम बढ़ाया जाये। लेकिन जब प्रधान मंत्री यह कहती हैं तो हैरानी होती है कि क्योंकि निहित स्वार्थ के अखबारों की वकालत करने वाले भारतीय सरकार के राज्य सूचना मंत्री, यह हजरत खुद उस रूप में प्रैस को नहीं देखना चाहते जो कि हमारे संविधान का आदर्श है, जो हकीकत में प्रैस स्वातन्त्र्य का रूप है। इसीलिए प्रैस स्वातन्त्र्य के लिए लाजिम हो जाता है कि पहले यह जो राज्य मंत्री हैं इन को मंत्रि-मण्डल से निकाला जाय, इन से स्तीफा दिलाया जाय, यह निहित स्वार्थ वालों की वकालत करते हैं दूसरी बात रात रेडियो पर मैंने प्रेस कौंसिल के जो हैड हैं उन का वक्तव्य सुना। गोष्ठी में बोल रहे थे। उन का वह भाषण सुनने के बाद मुझे विश्वास हो गया कि यह प्रैस कौंसिल जो कल डिजाल्व होनी चाहिए वह आज ही डिजाल्व कर दी जाये। यह खिलौना बन गया है।

एक बात मैं कहना चाहता हूं कि फाइनेंस कमीशन जो है इस ने ऐडवर्टाइजमेंट पर जो टैक्स लगाने की बात कही है और उस को शायद सरकार मान रही है, उससे प्रैस स्वातन्त्र्य बढ़ने वाला नही है। वह टैक्स आन नालेज है। बीमारी का इलाज सही रूप में न हो कर उलटे रूप में होने जा रहा है। और इन सभी के मुतालिक न प्रैस कौंसिल ने कोई काम किया है न करेगी, यह निर्विवाद है। अतएव इस का समय इतना न बढ़ाया जाय। 31 दिसम्बर तक समय बढ़ाया जाये और इस के बाद इस को डिजाल्व कर दिया जाये। इसीलिए मैं यह संशोधन चाहता हूं।

**श्री मधु लिमये** (मुंगेर): अध्यक्ष महोदय यहां पर घोषणा की गई है कि नये प्रैस कमीशन का निर्माण किया जायेगा। तो इस वक्त केवल नया प्रेस कमीशन कायम कर के जो बीमारियां हैं उन को दूर नहीं किया जा सकता है। इस वक्त हमारे प्रैस के ऊपर दो बड़े संकट हैं। एक सरकारी नियन्त्रण का और दूसरा बड़ी पूंजी के नियंत्रण का। कभी-कभी एक सस्ती लोकप्रियता हासिल करने के लिए मंत्री महोदय बड़ी पूंजी के नियंत्रण की तो चर्चा कर देते हैं लेकिन उन के स्वयं की ओर से जो नियंत्रण सारे अखबारों पर रखा जा रहा है और उस से जो प्रैस की स्वतन्त्रता खत्म हो रही है क्या उस की ओर भी ध्यान दिया जायगा? मैं ने यहां पर एक व्यक्ति पूजा,

परसोनालिटी कल्ट का सवाल उठाया था और मैंने कहा था कि हिन्दुस्तान के अखबारों में यह प्रधान मंत्री की ताईद करो यह सारे इश्तिहार छपे कैसे? आज मैं राज्य मंत्री से सीधा जवाब चहता हूं कि क्या यह बात सही नहीं है कि जब कभी अखबारों के विज्ञापन या एडवर्टाइज़मेंट दिए जाते हैं तो जिस एडवर्टाइजिंग एजेंसी के द्वारा यह विज्ञापन मिलते हैं उस का नाम उस पर होना चाहिए। लेकिन इस विज्ञापन पर नाम है स्पान्सर्स बाइ ए ग्रुप आफ यंग बिजनेस एग्जीक्यूटिव्ज़ यह लिखा है । तो क्या वजह है कि ऐडवर्टाइज़िंग एजेंसी का नाम इस इश्तिहार में नहीं छापा गया? किस एजेंसी के द्वारा यह विज्ञापन मिला है इस का माननीय मंत्री जी खुलासा करें।

दूसरी बात क्या यह सही नहीं है कि जो इश्तिहार होते हैं उन के बारे में एक परिपाटी है कि राजनैतिक नेताओं के चित्र, उन की तस्वीरें उस में नहीं छापी जायेंगी? इस के बारे में मुझको पता लगा कि बम्बई के टाइम्स आफ इंडिया ने पूछा कि यह विज्ञापन छपने के पहले कि इस तरह की परिपाटी है कि नेताओं की तस्वीर नहीं दी जाती है तो क्या प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो से हम को इस तरह की अनुमति मिलेगी? यह मामला इन के ब्यूरो के पास आया और मुझे पता चला है कि प्रेस इन्फार्मेशन ब्यूरो ने कहा है कि तस्वीर होते हुए भी यह विज्ञापन आप दे सकते हैं। तो इस बात का भी मैं खुलासा चाहता हूं। फिर किस मुंह से आप प्रैस स्वातन्त्र्य की बात करेंगे जब आप में आलोचना सहन करने की शक्ति नहीं है, टीकाटिप्पणी सहन करने की शक्ति नहीं है? इसलिए मैं बहुत गम्भीर चेतावनी देना चाहता हूं--आज पी०टी०आई,० समाचार भारती, यू०एन०आई० यह एजेंसियां दिन प्रति दिन सरकार के अनुदान पर निर्भर होती चली आ रही हैं । नतीजा यह होगा कि उस में काम करने वाले जो कर्मचारी हैं उन कीं मांगों के बारे में, उन की स्वतन्त्रता के बारे में कोई विचार नहीं होगा। अन्त में समाचार भारती के बारे में मैं एक वाक्य कह कर अपना भाषण समाप्त करूंगा। समाचार भारती के कर्मचारियों की जो शिकायतें हैं उन के बारे में मैं मंत्री महोदय को लिख चुका हूं। समाचार भारती की हालत अच्छी नहीं है। सरकार ने काफी रुपया करीब-करीब 19 लाख रुपया तक देने का वायदा किया है। तो ऐसी हालत में क्या वजह है कि समाचार भारती का काम ठीक तरह नहीं चल रहा है? जो नियुक्तियां की जाती हैं उस में कर्मचारियों को बताया नहीं जाता है कि उन की सेवा की शर्तें क्या होंगी, उन्हें किस ग्रेड में रखा जायगा और जिस ढंग से यह खबरें वगैरह प्रकाशित की जाती हैं, अध्यक्ष महोदय समाचार भारती का विदेशों में कोई प्रतिनिधि नहीं है लेकिन आल इण्डिया रेडियो से खबरें ले कर अपने नाम से प्रसारित करने का काम किया जाता है। मेरे पास इस के सुबूत हैं, अगर आप इजाजत दें तो मैं सदन के टेबल पर रखने के लिये तैयार हूं। क्या मंत्री महोदय इस चीज़ की भी जांच करेंगे कि सरकार जब इन एजेन्सियों की मदद कर रही है, तो उस का नतीजा यह होता है कि कर्मचारियों की स्वतन्त्रता, लिखने की स्वतन्त्रता या तनख्वाहों आदि की सुविधाओं की शर्तें--इन के बारे में कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। बल्कि सरकार के गीत गाकर ये लोग अपना गुजर करते हैं। इस लिये मेरी प्रार्थना है कि अगर सचमुच आप प्रैस की स्वतन्त्रता चाहते हैं तो केवल नये प्रैस कमीशन की नियुक्ति से काम नहीं बनेगा, इन सारी चीज़ों के बारे में आपको खुलासा करना पड़ेगा।

SHRI S. S. KOTHARI (Mandsaur): The Press Council must act as a united body and raise its voice against any attempt to intimidate and pressurize the press. Actually freedom of press constitutes the essence of democracy; it is one of the most cherished freedoms and the press assists in the

(Shri S. S. Kothari.)

crystallisation of ideas and formulation of public opinion. But, certain dark clouds appear on the horizon in the form of attempts to intimidate the press and exercise undue influence in order to compel the press to toe a particular line. Here I would like to mention the attempt that was made to intimidate a leading paper in Connaught Circus. One of the hon. members of this House led the procession and burnt copies of the *The Statesman*. I had a talk with him in the Central Hall and I was told that he did not burn the building but only burn the newspaper. I told him, whether he burnt the paper or he burnt the building, morally it amounted to the same thing. This is an attempt to intimidate the press; this is something which must be resisted if democracy is to exist.

My second point is this. The press in India has attained maturity. It is not going to be subdued by any such attempt to burn papers or building or ransack furniture or office. It is for the Government to give adequate and necessary protection to the press, where it is necessary. But a greater danger appears when the Government itself tries to pressurize and intimidate the press. In an editorial in one of the leading papers, it was stated that, on bank nationalisation, they resisted 'intense pressures' from the Government to toe a certain line and not to be critical of bank nationalisation or Government actions. If that is done, I would submit that it amounts to a grave danger to the freedom of press and various other freedoms in this country.

My final point is this. Attempts are also made to bring the editors of certain newspapers under the influence of the Government. Sometimes we find that that influence does have an effect and Opposition members are sometimes blacked out in certain papers. If that happens and if the Government takes initiative in influencing editors, then it is something which is reprehensible and it must be opposed at all costs if the press is to be free and if democracy is to exists in this country in the shape in which we want it to exist.

**सभापति महोदय :** मुझे सदन से एक बात कहनी है, हम लोग टाइम के बारे में काफ़ी एक्सीड कर गये हैं, इसलिये मेरा आप सब से अनुरोध है कि कम से कम समय लें, केवल प्वाइंट्स ही रख दें ताकि मिनिस्टर साहब उनका जवाब दे सकें ।

**श्री बलराज मधोक** (दक्षिण दिल्ली) : सभापति महोदय, प्रेस कौन्सिल का उद्देश्य इस देश के अन्दर प्रस को आज़ाद रखना है, उसके ऊपर देश हित में जो नियंत्रण हो सकता, केवल उसी को रखना है । परन्तु हम देखते हैं कि जैसा और मदों में हो रहा है—मर्ज़ बढ़ता गया ज्यों ज्यों दवा की । प्रेस के मामले में भी जितना प्रेस की आज़ादी की चर्चा करते हैं, उतनी ही प्रेस की आज़ादी को कर्ब करने की कोशिश कर रहे हैं। हमारा देश एक लोकतन्त्र है, जिसमें प्रेस की आज़ादी आवश्यक है । जहां पर प्रेस आज़ाद नहीं है, वहां लोकतन्त्र नहीं हो सकता । लेकिन इसकी जिम्मेदारी केवल अपोज़ीशन पार्टियों पर नहीं, केवल प्रेस के मालिकों और एडिटरों पर नहीं, इसकी जिम्मेदारी सब से अधिक उनकी है जो लोकतन्त्र के द्वारा राज करते हैं । परन्तु हम क्या देख रहे हैं । प्रधान मंत्री बोलती हैं तो कहती हैं कि प्रेस वाले गड़बड़ कर रहे हैं, सूचना मंत्री बोलते हैं—तो कहते हैं कि प्रेस वाले गड़बड़ कर रहे हैं । क्या गड़बड़ करते हैं ? कुछ बातों में सरकार की जो नीतियां हैं, उनका समर्थन नहीं करते । क्या प्रेस को सरकार की नीतियों का विरोध करने का अधिकार नहीं है ? अगर हमारा देश लोकतन्त्र न हो, एक तानाशाही देश हो, तब तो ठीक है, जो सरकार कहे, सभी प्रेस वही बात कहें, लेकिन जब तक हमारे देश में लोकतन्त्र है,

अगर कोई एडीटर यह महसूस करता है कि सरकार की नीति गलत है और वह उसके विरोध में कोई चीज लिखता है तो उसके बारे में नुक्ताचीनी की जाय—यह ठीक नहीं है। मैं समझता हूं कि जब प्रधान मंत्री और सूचना मंत्री की ओर से ऐसी बात कही जाती है, तो उनकी जो आफीशियल पोज़ीशन है, उस दृष्टि से उनका कहना एक प्रकार से नाजायज दबाव होता है। इसलिये प्रधान मंत्री और सूचना मंत्री को इस प्रकार के वक्तव्य देना बन्द करना चाहिये, क्योंकि यह प्रेस की आज़ादी में हस्ताक्षेप है ।

दूसरी बात—मैं यह कहना चाहता हूं कि आज प्रेस की नीतियों को नियन्त्रित करने का सब से बड़ा साधन एडवर्टिजमेन्ट्स हैं, क्योंकि सरकार उनको एडवर्टिजमेन्ट्स देने का सब से बड़ा साधन है तथा इसके द्वारा सरकार उनकी नीतियों पर कन्ट्रोल करने की कोशिश करती है। दुर्भाग्य यह है कि एडवर्टिजमेन्ट्स भी कुछ ऐसे बड़े-बड़े समाचार-पत्रों के पास जाते हैं, जिनको हम एक तरफ कोसते हैं कि इनकी मोनोपली है, कन्ट्रोल है। हमारे तमाम एडवर्टिजमेन्ट्स का अधिकतर भाग इन्हीं बड़े बड़े साचार-पत्रों के पास जाता है। मेरी प्रार्थना है कि इन तमाम एडवर्टिजमेन्ट्स का प्रौपर डिस्ट्रीव्यूशन होना चाहिये। आज देश के अन्दर अधिकतर अखबार भारतीय भाषाओं के हैं, मगर अभी भी अधिकतर इश्तिहार अंग्रेजी अखबारों को दिये जाते हैं, अधिकतर नहीं दिये जाते तो भी उनकी रेशो अधिक है। मेरा कहना यह है कि अंग्रेज़ी समाचार-पत्रों के इश्तिहार कम हों और भारतीय भाषाओं के माचार-पत्रों को अधिक इश्तिहार दिये जायें। ताकि वे भी चल सकें, पनप सकें। आज समाचार-पत्र बिना इश्तिहार के नहीं चल सकते, डोल देकर आप कितने दिनों तक इनको चला पायेंगे।

आज मोनोपली की बात बहुत कही जाती है। आज का युग यंत्रों का युग है, कोई भी बड़ा अखबार चलाना हो, तो उसके लिये 40–50 लाख रुपया चाहिये। कोई अकेला व्यक्ति इसको नहीं चला सकता, इसी लिये बड़ी बड़ी कम्पनियां बनती हैं जिन के पास इनको चलाने के साधन होते हैं। बहुत से लोग उन साधनों को देश के बाहर से लाने की कोशिश करते हैं—यह बुरी बात है। इसलिये छोटे अखबारों को चलाना सरल काम नहीं है। इसी तरह से जो बड़े भारी समाचार पत्र बन गये हैं आज उनको चलाना है तो उनको छोटा नहीं किया जा सकता। आज अधिक से अधिक सर्कुलेशन 2 लाख है एक स्टेज ऐसी भी आयेगी जब एक-एक अखबार की सर्कुलेशन 20–20 लाख होगी इसलिये इनको छोटा करना बड़ा गलत काम होगा। हमारी कोशिश यह होनी चाहिये कि इन का सर्कुलेशन बढ़े। हमारे मंत्री महोदय कहते हैं कि अखबार की बात तो ठीक है, लेकिन एडीटर को फ्रीडम होनी चाहिये। मैं भी मानता हूं, कि एडीटर को फ्रीडम होनी चाहिये। लेकिन अगर एडीटर की नियुक्ति में फ्रीडम नहीं होगी, आपके दबाव से एडीटर नियुक्त होगा, तो वह एडीटर कभी आज़ाद नहीं होगा, उस का दिमाग़ तो बन्द होगा। आज हर जगह इस मामले में दबाव डाला जा रहा है और जिस ढंग से नियुक्तियां की जा रही हैं, उससे एडीटर आज़ाद नहीं हो सकते। आज कालीनाथ जैसे एडीटर नहीं हैं, जो बिल्कुल इण्डीपेंडटली चलते थे उन पर कोई दबाव नहीं डाल सकता था, लेकिन जब ऐसे एडिटर आयेंगे जिनकी नियुक्ति दबाव से होगी, तो फिर आप उनको आज़ाद नहीं रख सकते। इसलिये एडिटर की नियुक्ति के बारे में हमें विशेष प्रयत्न करना चाहिये। एडीटर की नियुक्ति के बारे में दबाव नहीं डाला जाना चाहिये, आज़ादाना ख्याल के एडिटर नियुक्त किये जयें।

**सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय और संचार विभाग में राज्य मंत्री** (श्री इ० कु० गुजराल) : इसके बारे में राय दीजिये, कैसे होना चाहिये?

**श्री बलराज मधोक :** वक्त बहुत कम है सभापति जी घन्टी बजा रहे हैं।

जहां तक मोनोपली का ताल्लुक है मैंने कई बार कहा है कि वास्तव में आज सब से बड़ी मोनोपली कम्यूनिस्ट पार्टी की है। 500 से ज्यादा अखबार एक पार्टी के अधिकार में हैं। उनकी एक विचारधारा है जिसके द्वारा वे जनता के विचारों को दूषित करना चाहते हैं। उस पार्टी के पास लाखों सोर्सेज़ हैं—उस की मोनोपली को आप तोड़ना नहीं चाहते हैं दूसरों की मोनोपली की बात करते हैं। कोई भी मोनोपली हो--ए हो बी हो सी हो--ए मोनोपली को बुरी कहें और बी और सी को कहें कि यह अच्छी है स्टेट की मोनोपली को अच्छी कहें—यह ठीक नहीं होगा। इस प्रकार की मोनोपली खत्म होनी चाहिये जिसमें स्टेट की मोनोपली तो सब से अधिक खतरनाक है प्राइवेट से ज्यादा खतरनाक है।

अन्तिम बात मैं यह निवेदन करना चाहता हूं—अभी यहां पर न्यूज़ एजेन्सी की बात कही गई है। इस समय हमारे यहां दो बड़ी न्यूज़ एजेन्सीज हैं—**पी० टी० आई०** और **यु० एन० आई०**। भारतीय भाषाओं के लिए समाचार भारती तथा हिन्दुस्तान समाचार। मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि ये जो भारतीय भाषाओं की न्यूज़ एजेन्सीज हैं इन को आपने क्या प्रोटेक्शन दिया है इन की क्या स्थिति है। अगर आप चाहते हैं कि देश के अन्दर भारतीय भाषायें पनपें, उनके समाचार पत्र बढ़ें तो ऐसी समाचार एजेन्सियों की जो कमियां हैं उन्हें दूर कीजिये। उनको पूरा पूरा समर्थन देना होगा पूरा पूरा सहयोग देना होगा। समाचार भारती और हिन्दुस्तान समाचार इन दोनों एजेन्सीज ने भारतीय भाषाओं के लिये बहुत काम किया है उन्हें विशेष रूप से समर्थन देना होगा।

अन्त में मैं एक बात कहना चाहता हूं। हमारे देश की कोई इन्टरनेशनल न्यूज़ एजेन्सी नहीं है। विदेशी समाचारों के लिये रायटर ए०पी०ए० या टास पर ही निर्भर करना पड़ता है। इसलिये आवश्यक है कि हमारी अपनी कोई इन्टरनेशनल न्यूज़ एजेन्सी हो। विदेशी समाचार जो हमारे यहां आते हैं वह भी हमारे करेस्पांडेन्ट्स ही भेजें क्योंकि रायटर ए०पी० ए० और टास द्वारा जो समाचार आते हैं वह कलर्ड होते हैं उनमें भारत के विचार नहीं होते हैं बल्कि उन देशों के विचार होते हैं जहां से कि वे आते हैं। इसलिये हमारे देश की कोई इन्टरनेशनल न्यूज़ एजेन्सी होनी चाहिये। मैं आशा करता हूं कि मैंने जो सुझाव दिये हैं मंत्री महोदय उन पर अवश्य ध्यान देंगे।

**श्री स० मो० बनर्जी** (कानपुर) : सभापति जी, कब्ल इसके कि मैं अपना समर्थन इसको दूं, मैं कुछ चीजें आपकी मार्फत मंत्री जी के सामने रखना चाहता हूं। सब से पहले तो श्री बलराज मधोक जी ने जो कहा कि मोनोपली जो है वह कम्युनिस्ट पार्टी की है अखबारों पर, तो शायद वे इससे यह साबित करना चाहते थे कि मोनोपली टाटा की नहीं है, मोनोपली बिरला की नहीं है, मानोपली गोयन्का की नहीं है.....

**श्री बलराज मधोक :** मैंने ऐसा नहीं कहा।

**श्री स० मो० बनर्जी :** अगर ऐसा नहीं कहना चाहते तो फिर एक चीज़ हो सकती है कि हो सकता है कि कम्युनिस्ट पार्टी के ज्यादा अखबार हों लेकिन आर्गेनाइजर में जैसा हमने नियो जर्नलिज्म देखा है वैसा नियो जर्नलिज्म हिन्दुस्तान में कहीं भी नहीं मिलेगा। शायद करेन्ट से भी ज्यादा है।

**एक माननीय सदस्य** : ब्लिट्ज़ के बारे में क्या कहना है ।

**श्री स० मो० बनर्जी** : हमारा कहना यही है कि ऐसे अखबारों को कन्ट्रोल किया जाये । जिस चीज़ को वे आर्गेनाइज़ करते हैं, हमको वही नहीं मालूम होता है । इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि पहले कम्युनिस्ट अखबारों को पढ़ें और इतना एन्टी कम्युनिज्म न रखें । ..... **(व्यवधान)** ..... उसके बाद मैं समझता हूं अगर आप धीरज से पढ़ेंगे तो दिमाग़ साफ़ होगा—इतना मेरा विश्वास है । ..... **(व्यवधान)** ...

मैं दो चीजें कहना चाहता हूं । ... यह कि सदन में एक आश्वासन दिया गया था और अभी मंत्री महोदय जब बंगलौर या मद्रास गए थे तो उन्होंने कहा था कि प्रेस ट्रस्ट आफ इंडिया का कारपोरेशन बनाया जायगा । इसके लिए प्रेस कमीशन की सिफारिश भी है । खुशकिस्मती से पी० टी० आई० के जो इम्पलाइज हैं उनको आल इंडिया समर्थन प्राप्त है । इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि अगर आपको उसमें सुधार लाना है तो उसको कारपोरेशन बनाना चाहिए । क्योंकि आज जैसा हम देख रहे हैं चाहे उनके चेयरमैन साहब हों, डायरेक्टर साहब हों या जनरल मैनेजर साहब हों, उनके सामने जब हम कोई मामूली और छोटी से छोटी चीज कर्मचारियों की ओर से रखते हैं—चाहे वह जर्नलिस्ट्स की बात हो, नान-जर्नलिस्ट्स की बात हो या अन्य कर्मचारियों की बात हो तो उनको इनकार कर दिया जाता है । पहले 6 परसेन्ट बोनस दिया गया लेकिन अब की मर्तबा वह नहीं दिया गया है । इसलिए मैं आपसे निवेदन करना चाहता हूं कि इसको आप एक कारपोरेशन में कन्वर्ट कीजिए । मैं आपके सामने एक उदाहरण रखना चाहता हूं । श्री वी० वी० प्रसाद का केस है । वे पी० टी० आई ० में सीनियर जर्नलिस्ट्स थे लेकिन उनको वहां से डिसमिस कर दिया गया । उनका कसूर यह था कि एज आनरेरी सेक्रेटरी, बरट्रेन्ड रसेल पीस फाउन्डेशन इन इंडिया, उन्होंने एक आर्टिकल लिखा था । इस पर उनसे कहा गया कि ऐसा नहीं होना चाहिए, तुम ऐसा नहीं कर सकते हो । मंत्री महोदय ने पार्लियामेंट के उस हाउस में जवाब देते हुए कहा है कि यह मामला वह देखेंगे और प्रेस काउंसिल देखेगी लेकिन प्रसाद साहब आज दर दर की ठोकरें खा रहे हैं । मैं निवेदन करना चाहता हूं कि वह इसको देखें । समाचार भारती के बारे में श्री मधु लिमये जी ने और मधोक जीने कहा है कि उसकी हालत बहुत खराब हो चुकी है । इतनी खराब हो चुकी है कि उसकी मीटिंग्ज़ भी ठीक से नहीं होती हैं । श्री प्रकाश ने एक पत्र श्री फीरोज़ चन्द्र को लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है :

In this interval many meetings of the Board of Directors have been held of which such short notice was given time that I could not possibly attend them.

बाद में उन्होंने मायूस होकर कहा है :

I have not been attending the board meetings and it is embarrassing for me to continue to be the Chairman.

आप सोचिये कि इन जैसा व्यक्ति जो न केवल गवर्नर रह चुके हैं, राजनीतिज्ञ हैं बल्कि मैं कहना चाहता हूं साहित्य के जगत में भी उनका महत्वपूर्ण स्थान है—वे उसको छोड़ना चाहते हैं क्योंकि वे समझते हैं कि उसमें बहुत गड़बड़ी है जो ठीक नहीं हो सकती है ।

इन शब्दों के साथ मैं निवेदन करना चाहता हूं कि पी०टी०आई०को एक कारपोरेशन में कन्वर्ट किया जाये, सामाचार भारती को ठीक करना चाहिये ताकि उसमें जो गड़बड़ियां हैं वह दूर हो जायें । तीसरी चीज यह है कि जो मोनोपली है उसको खत्म किया जाये । फ्रीडम आफ दि प्रेस पर कोई भी अटैक नहीं

(श्री स० मो० बनर्जी)

होना चाहिये । झूठ के प्रेस अगर पनपेंगे तो हमारा देश समाजवाद की दिशा में जा नहीं सकेगा ।

**श्री जार्ज फ़रनेंडीज** (बम्बई दक्षिण) : अध्यक्ष महोदय, अखबारों की मोनोपली के बारे में, मालिकी के बारे में बहस चल रही है। मैं इस बात को मानता हूं कि इस समय पूंजीपतियों के हाथों में जितने अखबार हैं उनका बेजा इस्तेमाल किया जाता है लेकिन फिर भी मैं यह समझता हूं कि बहस में इस बात को भी मद्दे-नजर रखना चाहिए कि सिर्फ मालिकी अखबारों की किसकी है इतना ही नहीं बल्कि इन अखबारों का इस्तेमाल किस ढंग से किया जाता है, वह महत्वपूर्ण बात है। ..... (**व्यवधान**) ..... आज जो हम एक सिलसिला देख रहे हैं उससे हमें ऐसा लगता है कि सरकार के समर्थन में अगर कोई अखबार खड़ा होगा तो वह अखबार ठीक है लेकिन अगर किसी अखबार में सरकार के विरोध में कुछ भी बात आयेगी तो वह अखबार भी बहुत ही खराब है । आज सुबह प्रधान मंत्री की एक तकरीर मैंने पढ़ी । जो व्यंग चित्र निकालने वाले हैं उन पर भी गुस्सा कर रही हैं । यानी अखबारों में क्या क्या खबरें छप कर आईं, इस पर तो उनकी परेशानी है ही लेकिन अगर किसी कार्टून में भी उनकी तस्वीर जरा इधर उधर हो जाये, बाल कुछ ठीक ठाक न किये जायें तो उस पर भी गुस्सा व्यक्त करने के लिए प्रधान मंत्री पहुंच रही हैं। मेरी समझ में नहीं आता कि क्या अखबारों का इस्तेमाल सिर्फ सरकार, सरकार की नीति और "अवर लीडर" की तारीफ करने के लिए होना चाहिए ? अभी चन्द दिनों पहले हिन्दुस्तान के अखबारों में एक विज्ञापन आया— रैली बिहाइन्ड अवर लीडर । किस की ओर से ? ग्रुप आफ यंग बिजनेस एग्जीक्यूटिव्ज की ओर से ।

**सभापति महोदय :** इसका रेफेंस मधु लिमये जी दे चुके हैं ।

**श्री जार्ज फ़रनेंडीज :** आप जरा इसको सुनिये । किस तरह से अखबारों का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है, मैं उसका सबूत आपके सामने दे रहा हूं । 50 हजार रुपये से अधिक उस विज्ञापन पर खर्च हुआ । और यह रुपया किसी यंग बिजनेस एग्जीक्यूटिव ने नहीं दिया बल्कि यह रुपया महेन्द्र एण्ड कम्पनी ने दिया । ..... (**व्यवधान**) ..... इस कम्पनी की तरफ से रुपया दिया गया और इंडियन सोसाइटी आफ एडवर्टाइजर्स जिसके जरिए से विज्ञापन दिये जाते हैं, इस विज्ञापन को निकाला गया लेकिन नीचे लिखा ग्रुप आफ यंग बिजनेस एग्जीक्यूटिव्ज । इस प्रकार कितना झूठ अखबारों के जरिए फैलाया जा रहा है एक व्यक्ति की तस्वीर को दुनिया के सामने पेश करने के लिए ..... (**व्यवधान**) ..... इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि महत्व इस बात पर नहीं देना चाहिए कि इस समय अखबार के कौन मालिक हैं बल्कि ज्यादा महत्व इस बात पर देना अखबारों का इस्तेमाल कैसे किया जाता है । (**व्यवधान**) .... इस सरकार के अस्तित्व में और इस के स्वरूप में या इसकी तस्वीर में एक कौड़ी का भी फर्क नहीं आया है । यह सरकार एक साल पहले या एक महीने पहले जो थी वही आज भी है । लेकिन अखबारों का इस्तेमाल जरूर देश के लोगों को गुमराह करने के लिये किया जा रहा है कि समाजवाद की ओर देश चल रहा है । प्रधान मंत्री के मकान के सामने लोगों को इकट्ठा करो, वे कुछ चिल्लायें और प्रधान मंत्री कुछ कहें और फिर अखबार के जरिए लोगों को गुमराह करने का काम चले । अगर यही अखबारों की स्वतन्त्रता का मतलब हो तो फिर इसका कोई मतलब ही नहीं रह जाता है । इसलिए मैं बहुत ही नम्रता के साथ कहना चाहूंगा कि मालिकी किसकी है, यह महत्व की बात जरूर है लेकिन अखबारों का इस्तेमाल कैसे किया जाता है, यह उससे भी

ज्यादा महत्वपूर्ण है। मैं चेतावनी देना चाहता हूं कि आज देश में एक सिलसिला चला है कि सरकार के एक नेता, एक दल और एक नीति के पीछे सभी खड़े हो जायें। इस किस्म से लोगों को गुमराह करने के लिये अखबारों का इस्तेमाल किया जाता है यह बन्द करें और अखबारों में झूठे इश्तिहार देकर एक तस्वीर बनाने का प्रयास बन्द करें तथा कारटूनिस्टस लोगों को, और गरीब कर्मचारियों को धमकाने वाला तरीका जो आप लोग चला रहे हो, प्रधान मंत्री के दरवाजे के सामने ट्रकों में भर कर कुछ लोगों को लाकर खड़े करने का जो सिलसिला है इस सिलसिले को बन्द करें वरना यह बात आपके दल के लिये, इस मुल्क के लिये और प्रजातन्त्र के लिये खतरनाक होगी ।

15 hrs.

**सभापति महोदय** : श्री पीलू मोदी ।

**श्री कंवर लाल गुप्त** (दिल्ली सदर) : आप हमको भी बोलने देंगें ?

**सभापति महोदय** : देखिये, दो घंटा इस का वक्त था, लेकिन आप करीब तीन घंटे ले चुके हैं। थर्ड रीडिंग के वक्त देखा जायगा ।

**श्री मधु लिमये** : दो, दो मिनट दीजिये ।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : कम से कम पांच, पांच, मिनट का समय दीजिये ।

SHRI PILOO MODY (Godhra): Sir, for the last so many years, I have been rather concerned with our depleting freedoms. In the last few months, we have seen great inroads being made not only on our freedoms but also on our credulities. We have seen reports published which have been deliberately planted in newspapers. In fact, I have been going around saying, in the last three weeks, at least a few hundred lies must have been published deliberately in the press.

I cannot entirely blame the reporters and pressmen who have taken these reports to their offices, because I have known from personal knowledge that very often reports were given, information leaked out and statements made which were contrary to real facts. This process of gradual erosion on our freedoms started many years ago, but as a result of what happened during the last two or three weeks, it has taken on an accelerated tempo. At this stage, I would like to mention a particular conversation which was heard from a Cabinet Minister by several people present not far from where I am standing now. A Cabinet Minister of the Government of India was trying to impress upon his limited audience about how the press had now become very fair and very balanced in its view. He quoted an editorial written in the *Hindustan Times* and said, "See what a balanced editorial this is!" He went on to say that except for Frank Moraes "What has been published in the *Express* also is giving a very balanced view." An observer happened to point out, "What about the *Statesman?*" He said, "What can I do? The trouble with the *Statesman* is that they can stand on their own legs." I think a world of meaning can be implied in this slip on the part of this Cabinet Minister. I am afraid that this is the fact that we have all been subjected to. Sir, you have heard speakers before me complaining very bitterly and I will not make the same accusations. I think they have been rather eloquently made. But it is not only the press but also our airways that have been somewhat polluted recently. I can assure you, it was not through another nuclear explosion. This time it was purely by the verbiage that was fed into the air. Similarly on many other fronts. I feel our freedom has been eroded. I would like to take this opportunity of warning this House that unless we

set some rules and code of conduct about what is good Journalism, what is independent journalism and what is journalism uninterfered by the single largest and greatest authority and power that we are surrounded with—the Government of India—I think our fate and our future are rather dismal.

SHRI KARTIK ORAON (Lohardaga): Mr. Chairman, the function of an Ambassador is to lie in a foreign country about his own country for the good of his own country. Similarly, the function of the press is to lie in its own country about its own country for the good of its own country. Fortunately or unfortunately the press, which is the guide of the progress of the country, is failing in its duty because most of the newspapers are owned by big businessmen or political parties. So long as they are owned and managed by big business or political parties their primary function would be to sing the song of their owners. Therefore, unless the monopoly in newspapers is removed they cannot give expression to their independent opinion and thereby serve the nation. What the country today needs is independent opinion about many things which affect the interests of the country. For instance, the opposition consider it their function to oppose anything that comes from the government, whether it is right or wrong. In the same way, if the newspapers are owned by political parties, they would also function the same way. Therefore, in the interests of the country, the press, which is one of the instruments of freedom of expression, should be allowed to function freely and without any restrictions. If they are not given that freedom, then there is no use of talking about the fundamental rights of the citizens.

Then, if government make some investment in some papers or news agencies they should ensure that they are functioning well. For instance, I have been hearing complaints about *Samachar Bharati;* I do not know how far they are correct. Since a number of governments have invested money in this news agency, it is the duty and responsibility of the government to appoint a Managing Director or General Manager in the Board so that he can look after the interests of the government and the money that has been invested by the government. At the same time, he can ensure that some guidelines are formulated as to how it should function.

All the laws that we enact should be with a view to see that the Press Council enjoys the maximum freedom, uninterfered by any political party or businessmen.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMAION AND BROADCASTING AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI I. K. GUJRAL): I am grateful to the hon. Members that on clause 2 so much debate has been initiated. Some points have been made which I would like to meet here. One of my hon. friends has asked me if we are giving substantial advertisements to Indian language papers or not, so far as advertisement goes. I will dispose of this point by saying that not only are we helping the small and medium newspapers but we are particularly helping the Indian language newspapers. 18.13 per cent of the total budget of the DAVP goes to Hindi papers and 37.98 per cent to other Indian language newspapers; in other words 56 per cent of the total budget of DAVP goes to language papers.

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : 45 परसेंट अंग्रेजी के अखबारों को जाता है ।

**श्री कंवर लाल गुप्त** : अंग्रेजी डेढ़ परसेंट लोग जानते हैं, लेकिन आप अंग्रेजी के अखबारों को 45 परसेंट देते हैं ।

सभापति महोदय : आप लोग मंत्री जी को बोलने दीजिए । आप जब बोल रहे थे तो कोई नहीं बोला, इसलिए आप भी उनको बोलने दीजिए ।

SHRI I. K. GUJRAL: If there are any other points, I will deal with them during the third reading. The main point that I am trying to make is this. If there are more English newspapers and if they command more readership, I cannot help it. I can only assist them in two ways. Whatever Indian language newspapers come in, we shall be able to give them assistance in newsprint, in advertisement and we shall also provide facilities to them in any other way that they wish.

I have often stated here that we have evolved a policy for helping small and medium newspapers as far as it is possible. I am conscious of the fact that small and medium newspapers are almost predominantly Indian language newspapers. Therefore, if even today some percentage of the advertisment expense goes to English newspapers, the fault lies elsewhere. But I can assure the House to this extent only that we shall do our best to see that small and medium newspapers and Indian language newspapers get the maximum possible assistance.

Since I am talking of the Indian language newspapers, let me dispose of another point in this connection. A debate has been going on for some time in the form of discussions and at other times in the form of questions about *Samachar Bharati*. Shri Prakash Vir Shastri, an hon. Member of this House is a director of it. I think the day before yesterday he put across his point of view. I do see in the House that there are other points of view also. Government have been receiving a number of complaints about the working of the *Samachar Bharati*. It will be very unfair if I were to tell the House anything about what Government's reaction is. But I do feel that I must say one thing namely that the working of the *Samachar Bharati* does need looking into, and we are looking into it. More than that I would not like to say at this stage. But before I dispose of this item, I would like to say this that it is Government's intention and desire that Indian language news agencies must prosper, because if Indian language papers have to come up, then it is very essential that Indian language news agencies must also prosper. It will not be possible for Indian language newspapers to come up unless the two news agencies that we have also prosper.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : जब तक टेलीप्रिंटर हिंदी में नहीं बनेंगे, तब तक कुछ नहीं होगा ।

SHRI I. K. GUJRAL: Since the hon. Member has raised the point, I might tell him that the Devnagari teleprinter has already come in.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : कितने आये? बहुत कम आये हैं ।

SHRI I. K. GUJRAL: I can only say this thing that it may be difficult for me to give the number, but as far as I know, and my colleague tells me, all the demands for the news agencies have been met and are being met. If there is a demand for more, then it will be met. Therefore, there should be no difficulty in developing Indian language news agencies. I have no objection if my hon. friend wants one in his house, if he is willing to subscribe to it.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING, AND IN THE DEPARTMENT OF COMMUNICATIONS (SHRI SHER SINGH): We can meet whatever demand comes.

SHRI I. K. GUJRAL: Shri Shiva Chandra Jha has mentioned that the Press Council has failed and has been

[Shri I. K. Gujral.]

ineffective and that I should resign because I am supporting the freedom of the press. I shall not say anything here except to say that if I have to resign for supporting the freedom of the press, not only shall I do so, but even if I have to lay my life for supporting the freedom of the press, I shall do so.

SHRI SHIVA CHANDRA JHA: There is a big difference between his concept and the Prime Minister's concept. यह मानना होगा। आप एक चीज की वकालत करते हैं, उन का दृष्टिकोण दूसरा है। इसलिए मंत्री महोदय इस्तीफा दें।

SHRI I. K. GUJRAL: I would request my hon. friend to be kind to us and to the Prime Minister when he says that I do not understand her mind but he does. I understand the Prime Minister's mind and what I am saying is her commitment. The main point that I am trying to make is this. (*Interruptions*). It is a normal habit with my hon. friend Shri Kanwar Lal Gupta to interrupt others and feel angry when others do the same, but I hope he will try to extend the same courtesy to me also.

We all have talked here of freedom of the press. Some friends have been upset about why the Prime Minister or I sometimes object to some writings in the press. The press in this country is free. So is the public opinion, and so is there freedom of speech. So is there freedom for all of us. If I therefore reply to the unfair criticism what is wrong with it? It will be a strange type of freedom of the press, if the press has a right to say what it likes, but we . . .

**श्री जार्ज फरनन्डीज** : बहुत फर्क है। आप बुली करते हैं और हम क्रिटिसाइज करते हैं। प्रधान मंत्री जो भी बोलते हैं That amounts to bullying.

SHRI I. K. GUJRAL: I can assure my hon. friend Shri George Fernandes, and I hope he will agree with me that the press in this country is strong enough not to be bullied either by him or by me. The main point is that the institution of press in this country has come to that strength that neither the Members of the Opposition nor the Government can bully them; not only that, but the press has a tradition that it was not bullied even by the British. Therefore, the question of anybody succeeding in bullying the press does not arise.

**श्री जार्ज फरनेन्डीज** : क्या आपको याद है कि मोरारजी देसाई ने **टाइम्स आफ इंडिया** के साथ क्या किया था? आप भूल गये हैं कि उन्होंने **टाइम्स आफ इंडिया** से माफी मंगवाई थी जब वह एक छोटे से मुख्य मंत्री थे।

SHRI I. K. GUJRAL: I am not yielding.

MR. CHAIRMAN: If the hon. Minister is not yielding, how can the hon. Member go on?

SHRI I. K. GUJRAL: It sounds to me rather strange after the last four or five weeks' experience, that anyone should say that the press in this country is not free to criticise Government. It is rather odd. I think Government have faced a barrage of criticism from a particular section of the press—I would not name them. So, if the Prime Minister or any member of the Government talks to the public and explain their own point of view or the Government's point of view, I think we should also be permitted to have that much of freedom.

I was surprised and shocked when a lover of democracy like Shri George Fernandes came and said that demonstrations outside the Prime Minister's house should stop and that people should not go there and that people should not be allowed to go there.

श्री जार्ज फरनेन्डीज : मैं ने नहीं कहा। ऐसा मैं ने बिल्कुल नहीं कहा।

SHRI I. K. GUJRAL: He is a very strange trade union leader who would object to this. Let me finish what I am going to say. I am not yielding.

श्री जार्ज फरनेंडीज : मेरा व्यवस्था का प्रश्न है, सभापति जी, मैं ने यह नहीं कहा है . . . . . . . . . .

SHRI RANDHIR SINGH (Rohtak): He is a fascist and he calls himself a democrat.

SHRI I. K. GUJRAL: My non. friend Shri George Fernandes claims to be a trade union leader . . .

SHRI GEORGE FERNANDES: I am one.

SHRI I. K. GUJRAL: And I respect him for that. Since I respect him for being a trade union leader, he should also learn to respect trade unions and when trade unions go and demonstrate and show their solidarity behind bank nationalisation, he should feel proud of them. I really felt sorry when he got up and said that these demonstrations should be stopped. These people for the first time had seen a ray of hope in the social changes that had been brought about (*Interruptions*). I do not mind if my hon. friend Shri Kanwar Lal Gupta keeps on howling and is also joined in by his friends from the Swatantra Party, because his party has been exposed as having no economic programme which stands for improving the lot of the people.

SHRI PILOO MODY: Are we discussing bank nationalisation now?

SHRI I. K. GUJRAL: A point has been made by my hon. friend Shri Madhu Limaye regarding Government control and big money control . . .

श्री विभूति मिश्र (मोतीहारी) : एक हमारी पार्टी है, जिस के पास प्रेस नहीं है और इतने दिनों से राज्य कर रही है और एक आप की पार्टी है जिस के पास प्रेस है लेकिन राज्य नहीं कर पाये।

श्री जार्ज फरनेन्डीज : आप हिन्दुस्तान टाइम्स हम को दे दीजिए।

श्री स० मो० बनर्जी : टाइम्स ग्राफ इंडिया आप हम को दे दीजिए।

SHRI I. K. GUJRAL: My hon. friend Shri Madhu Limaye has talked about the desirability of implementing the recommendations of the First Press Commission. He has also asked why Government are thinking of appointing a second Press Commission. I would only say this that the idea of starting or setting up a second press commission is not to bypass the recommendations of the first Press Commission. The first Press Commission's recommendations have been implemented; some still remain to be implemented. As regards those that remain to be implemented, I can assure my hon. friend on behalf of Government that we shall endeavour our best to implement them and quickly too and not take time about them.

The only idea why we are thinking of a second Press Commission is that the dimensions of the problem have very much widened and intensified in the last 15 years. The press in this country has grown; public opinion has grown and reaction to each other has grown. I think, social implications have also changed to a degree. Therefore if a second commission sits and examines it afresh, no harm will come out of it but something good is bound to emerge from it and I think the Government will have a considered opinion on which to base its own policies.

He and some other hon. friends have also talked about some advertisement which appeared in some papers under the caption 'Rally round the Leader'. Naturally, it is not for

[Shri I. K. Gujral.]

the Government to reply to such a question. Some advertisements have appeared in the papers, paid by somebody. Who paid for it and why they appeared, is not within the cognisance of Government. Therefore Government is not supposed to reply to this.

**श्री मधु लिमये** : मैं ने यह जानना चाहा था कि जिस ऐजेंसी की मार्फत यह विज्ञापन आया क्या उस एजेंसी का नाम उस पर नहीं आना चाहिए था। जब एडवर्टिजमेंट के धंधे की यह परिपाटी है कि किसी नेता की तस्वीर नहीं छापी जाएगी तो ऐसी तस्वीर छापने की क्या इजाजत पी० आई० बी० से ले ली गई थी ?

SHRI I. K. GUJRAL: After my hon. friend asked these two questions, sitting here I got it checked up. Naturally, sitting here I cannot have more information than what is very brief; but whatever information I have been able to collect shows that Government's permission was neither asked for nor given. Therefore that point should be disposed of by this.

Publication of leaders' photographs or paintings is banned for commercial utilisation. But it is a point to be examined whether in an advertisement like this it is for commercial utilisation.

SHRI KANWAR LAL GUPTA: Ultimately, it is commercial.

SHRI I. K. GUJRAL: Ultimately, everything that strikes Shri Kanwar Lal Gupta is wrong. Everything that does not go in his interest . . . (*Interruption*).

SHRI PILOO MODY: Are you suggesting that the use of the Prime Minister's sketch is not permitted for the sale of soap but can be permitted for the sale of the Prime Ministership itself?

SHRI I. K. GUJRAL: My hon. friend, Shri Piloo Mody, is known for his wit and humour and I respect him for it; but I think this time it has gone astray.

SHRI BANERJEE has talked about the PTI's functioning and about the setting up of a corporation on the lines suggested by the Press Commission. I can only assure him that we are looking into it.

So far as Shri Piloo Mody's concern or anxiety about the decreasing freedom and erosion of freedom is concerned, naturally, Shri Piloo Mody and myself cannot agree on many things and one such thing is this, because Shri Piloo Mody's concept of freedom is *laissez faire* society.

SHRI PILOO MODY: Question.

SHRI I. K. GUJRAL: He may have his own reasons for doing it. But his anxiety has grown, since nationalisation, more. I do not know whether the voice of Shri Piloo Mody should prevail or whether the voice of an overwhelming majority represented in this House should prevail. I can only assure him that freedom is not only eroding but freedom is expanding itself and a new content is being given to it.

MR CHAIRMAN: I shall now put amendments Nos. 1 and 2 moved by Shri Shiva Chandra Jha, to the vote of the House.

*Amendments Nos. 1 & 2 were put and negatived.*

MR. CHAIRMAN: The question is:

"That clause 2 stand part of the Bill."

*The motion was adopted.*

*Clause 2 was added to the Bill.*

**Clause 3**— *(Repeal and Saving)*

**श्री यशवन्त सिंह कुशवाह** (भिंड) : सभापति महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि :

> प्रेस परिषद् (संशोधन) विधेयक, 1969 के पृष्ठ 2 पर धारा 3(2) को विधेयक में से कम कर दिया जाए। (5)

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि हर चीज का इलाज अध्यादेश नहीं होना चाहिए। अध्यादेश का महत्व तभी ोता है जब किसी महत्व के अवसर पर महत्वपूर्ण कारण होने पर ही उसे जारी किया जाए। इस समस्या का अगर निदान खोजना है तो कारणों में हम को जानना होगा और कारण ढूंढ कर उनको दूर करना होगा। अध्यादेश हर चीज का इलाज नहीं होता है। शासन इसे गंभीरता से सोचे।

